हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 313 देहरादून, बृहस्पतिवार, 08 जून, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



'नैनीताल में ट्रैफिक की समस्या नहीं सुलझाई तो जोशीमठ जैसे होंगे हालात : हाईकोर्ट 3

# केदारनाथ धाम में यात्रा मजिस्ट्रेट (एसडीएम) और पुलिस उपाधीक्षक ने की अधीनस्थों के साथ बैठक

रुद्रप्रयाग। प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा को सकुशल, सरल व सुगम बनाये जाने हेतु यात्रा मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकरी विजय नाथ शुक्ला व पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विमल रावत ने केदारनाथ धाम में ड्यूटीरत पुलिस, स्थानीय अभिसूचना इकाई व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय गोष्ठी की गयी। इस अवसर पर प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा में आ रही चुनौतियों व इनसे निपटने के उपायों पर चर्चा हुई। मन्दिर परिसर सहित श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध किये जाने हेतु बैरिकेडिंग के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत किये जाने हेतु लो0नि0वि0 को निर्देश दिये गये।

केदारनाथ धाम आये श्रद्धालुओं को मन्दिर दर्शन में सरलता हो इस हेतु मन्दिर परिसर सहित लाइन व्यवस्था दुरुस्त रखे जाने के निर्देश दिये गये। श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व मधुर व्यवहार किये जाने तथा उनकी हर सम्भव मदद किये जाने के निर्देश दिये गये। खोया पाया केन्द्र को मजबूत बनाये जाने व अनाउंसमेंट सिस्टम को प्रभावी बनाये रखने के निर्देश दिये गये। केदारनाथ धाम सहित मन्दिर परिसर, गलियों में साफ-सफाई बनाये रखने हेतु नगर पंचायत केदारनाथ के पदाधिकारियों को निर्देश दिये गये।केदारनाथ धाम की पवित्रता व मर्यादा भंग करने व गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। पुलिस की क्यू0आर0टी0 टीम को निर्देश दिये गये धाम पहुंचे कतिपय यू-ट्यूबर्स एवं रील्स बनाने के नाम पर धाम की पवित्रता बिगा?कर दूसरे तरीके से प्रस्तुत करने वालों पर भी नजर रखे जाने के निर्देश दिये गये। ऐसे लोगों को समय रहते सख्त चेतावनी दी जानी आवश्यक है कि वे धाम की पवित्रता को पॉजिटिव रूप में प्रस्तुत तो कर सकते हैं, परन्तु अपने व्यूअर्स व फौलोवर्स ब?ाने के चक्कर में ऐसे कृत्य बिल्कुल न करें, जिससे धाम सहित समाज की प्रतिष्ठा पर आँच आये, ऐसे असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। घो?ा-खच्चर संचालकों, डण्डी-कण्डी संचालकों या अन्य किसी के द्वारा भी श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। धाम क्षेत्र तक अवैध शराब पहुंचने की शिकायतों हेतु गोपनीय



ढंग से छापामारी कर ऐसा पाये जाने पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये जाने के निर्देश दिये गये। सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय व तालमेल के साथ अपने कार्यों का निर्वहन किये जाने की अपेक्षाओं के साथ गोष्ठी का समापन किया ।

## हैली सेवाओं के माध्यम से अब तक 42855 तीर्थ यात्रियों को किए श्री केदारनाथ धाम के दर्शन

रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को सुगमता से बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन कराने के उद्देश्य से हैली सेवाओं के माध्यम से अब तक 42855 तीर्थ यात्रियों को श्री केदारनाथ धाम के दर्शन कराए जा चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न हैलीपै? पर उपलब्ध कुल 08 हैली कंपनियों के माध्यम से 06 जून, 2023 तक तीर्थ यात्रियों को बाबा केदार के दर्शन हैली सेवा के माध्यम से कराए गए हैं नोडल अधिकारी हैली सेवा/जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि यात्रा के आरंभ से गुप्तकाशी, फाटा, सीतापुर व शेरसी में कुल 08 हैली कंपनियों द्वारा श्रद्धालुओं को हैली सेवा उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें गुप्तकाशी से ट्रास भारत व आर्यन द्वारा तीर्थ यात्रियों हेतु हैली सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी तरह फाटा से पवन हंस, ग्लोबल विक्ट्रा व थम्बी तथा शेरसी से हिमालयन क्रिस्टल एविऐशन व सीतापुर से ऐरो हैली कंपनी के द्वारा सटल सेवा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने अवगत कराया है कि सभी हैली कंपनियों के द्वारा अब तक कुल 7550 सटल सेवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हं। उन्होंने बताया कि 06 जून, 2023 को हैली सेवाओं के माध्यम से 1322 श्रद्धालु केदारनाथ धाम गए जबकि 1325 तीर्थ यात्री हैली के माध्यम से वापस आए तथा सभी हैली कंपनियों द्वारा 06 जून, 2023 को 231 सटल सेवा उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने अवगत कराया है कि 06 जून, 2023 तक हैली सेवा के माध्यम से श्री केदारनाथ जाने वाले यात्रियों की संख्या 42855 है जबकि केदारनाथ धाम से हैली के माध्यम से वापस आने वाले यात्रियों की संख्या 41679 है।

## वीडियो वायरल करने वाले युवकों पर रुद्रप्रयाग पुलिस ने की कार्यवाही

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रप्रयाग। गत दिवस केदारनाथ धाम में आयी एक महिला द्वारा केदारनाथ में स्थानीय दुकानदार से वोडका मांगे जाने सम्बन्धी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इस सम्बन्ध में जनपद की सोशल मीडिया मॉनीटरिंग टीम, व सर्विलांस सेल टीम द्वारा वीडियो की सत्यता का पता करवाया गया। जिसमें ज्ञात हुआ कि उक्त वीडियो को श्री केदार कॉटेज एवं रेस्टोरेन्ट नियर हाट बाजार केदारनाथ के संचालक सौरभ शुक्ला पुत्र कपिल शुक्ला निवासी फली फलासत, लमगौण्डी, जिला रुद्रप्रयाग हाल केदारनाथ द्वारा चुपके से बनाकर वायरल किया जाना प्रकाश में आया है।

चूंकि इस वीडियो से केदारनाथ धाम जैसे पवित्र स्थल की पवित्रता भंग हुई है, ऐसे में जनपद रुद्रप्रयाग की चौकी केदारनाथ पुलिस द्वारा इस प्रकार के वीडियो को वायरल करने के आरोप में उक्त होटल संचालक व उसके सहयोगियों सहित कुल 06 व्यक्तियों का उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम की धारा 81 के तहत चालानी कार्यवाही की गयी है।

## उत्तराखंड के 6 जिलों में बिगड़ेगा मौसम तेज गर्जना के साथ होगी बारिश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 08 जून : प्रदेश के मैदानी इलाकों में गर्मी फिर पसीने छुड़ाने लगी है, हालांकि पर्वतीय इलाकों में मौसम खुशगवार बना हुआ है। छह जिलों में बारिश की संभावना है। यहां रहने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। अगर आप भी पहाड़ की यात्रा पर जा रहे हैं, तो मौसम से जुड़े अपडेट्स पर ध्यान रखें। वरना परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

जिन जिलों में बारिश की संभावना है, उनमें उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिले शामिल हैं। यहां कहीं-कहीं तेज गर्जना के साथ बारिश होने की संभावना है। हालांकि, अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। बीते दिन सुबह साढ़े आठ से शाम साढ़े पांच बजे तक बजे तक बड़कोट में 11.5, मुक्तेश्वर में



7.5 और तपोवन में 7.0 एमएम बारिश दर्ज की गई।

मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, पर्वतीय इलाकों में आने वाले दिनों में भी बारिश के आसार हैं। हालांकि मैदानी इलाकों को अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी, यहां तापमान में बढ़ोतरी होगी। उत्तराखंड में बीती रात भी बारिश और बर्फबारी हुई, जिससे मौसम में ठंडक बनी हुई है।

## रुद्रप्रयाग पुलिस के स्तर से चलाया जा रहा वृहद सत्यापन अभियान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रप्रयाग। पुलिस अधीक्षक, रुद्रप्रयाग द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद पुलिस के स्तर से वृहद सत्यापन अभियान चलाया गया है। गत दिवस पुलिस के स्तर से 295 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। इस दौरान सत्यापन न कराने वाले कुल 18 मकान मालिकों व ठेकेदारों का चालान कर न्यायालय को रिपोर्ट प्रेषित किया गया है। बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन हेतु जनपद स्तर पर कुल 09 टीमें गठित की गयी हैं, जिनके द्वारा निरन्तर बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया जा रहा है। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस के स्तर से अब तक 5685 मजदूर 375 रे?ी ठेली वाले, 410 किरायेदार व 44 अन्य व्यक्तियों सहित कुल 6487 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया है।

इस दौरान सत्यापन न कराने वाले ठेकेदार व मकान मालिकों के विरुद्ध भी चालानी कार्यवाही की गयी है। कुल 78 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर रुपये 26000 का जुर्माना वसूला गया है, व 40 मकान मालिकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित की गयी है। पुलिस के स्तर से वृहद सत्यापन अभियान निरन्तर जारी है।

# उत्तराखंड के सिद्धबली मंदिर में भी लागू हुआ ड्रेस कोड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कोटद्वार 08 जून : पिछले दिनों उत्तराखंड के कई मंदिरों में अमर्यादित कपड़े पहन कर आने वालों की एंट्री बैन कर दी गई। तमाम वीडियो जारी कर लोगों से मर्यादित कपड़े पहनकर मंदिर आने की अपील की गई, ताकि धर्मस्थलों की मर्यादा बनी रहे। यह मुहिम अब पूरे प्रदेश में आगे बढ़ रही है। पौड़ी के कोटद्वार स्थित श्री सिद्धबली मंदिर समिति ने भी भक्तों से मर्यादित कपड़े पहनकर मंदिर आने का आग्रह किया है। इसे लेकर मंदिर परिसर में जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। खोह नदी के तट पर स्थित श्री सिद्धबली मंदिर के प्रति लोगों में अटूट श्रद्धा है। मान्यता है कि बजरंग बली को समर्पित इस मंदिर में मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।मंदिर में कोटद्वार के आसपास से लेकर बिजनौर, मेरठ और दिल्ली तक से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर समिति मर्यादा बनाए रखने की बात कह रही है। श्री सिद्धबली मंदिर समिति के प्रबंधक शैलेश जोशी ने कहा कि चाहे कोई भी मंदिर हो, मर्यादित वस्त्रों में ही भगवान के दर्शन के लिए जाना चाहिए। मंदिर आने वाले हर श्रद्धालु के आचरण और पहनावे में शालीनता होनी चाहिए। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार को हरिद्वार में महानिर्वाणी अखाड़े के तीन बड़े मंदिरों में छोटे कपड़े पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं पर रोक लगाई गई थी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के शरीर का 80 प्रतिशत हिस्सा ढका होना चाहिए। जिन मंदिरों के लिए ड्रेस कोड जारी किया गया है, उनमें हरिद्वार का दक्ष प्रजापति मंदिर, ऋषिकेश का नीलकंठ महादेव मंदिर और देहरादून का टपकेश्वर महादेव मंदिर शामिल है। अब Siddhabali Temple Dress Code भी लागू हो गया है। धार्मिक स्थलों पर मर्यादा बनाए रखने के लिए उत्तराखंड पुलिस की ओर से भी मिशन मर्यादा चलाया जा रहा है। इसके तहत धार्मिक स्थलों पर असामाजिक और आपत्तिजनक कृत्य करते हुए पकड़े जाने पर चालान किया जाता है।






# बच्चों के लिए बेहद खतरनाक है हीटवेव, माता-पिता बरतें ये सावधानियां ?



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 06 जून : गर्मी का मौसम अपने साथ लू के थपेड़ों को भी लेकर आता है, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इससे बड़े तो क्या बच्चे भी बेहाल और परेशान रहते हैं। इस दौरान बच्चों के बीमार पड़ने की संभावना काफी बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए ही होता है क्योंकि बच्चों में तापमान परिवर्तन के प्रति संवेदनशीलता अधिक होती है और वे जल्दी से हाइड्रेट भी होने लगते हैं। इसके बाद उन्हें स्कूल जाना और बाहर खेलने जैसी आम दिनचर्या करने में भी समस्या आने लगती है। अगर आपके बच्चे भी गर्मी के मौसम में बहुत जल्दी हीटवेव का शिकार हो जाते हैं, तो हम कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप उनकी बेहतर देखभाल कर सकते हैं।

बच्चों को लू से बचने के लिए हाइड्रेटेड सबसे पहली चीज है। वयस्कों की तुलना में बच्चे ज्यादा जल्दी हाइड्रेट हो जाते हैं। इसलिए ध्यान दें कि आपका बच्चा भरपूर मात्रा में पानी का सेवन कर रहा है। चाहे आपका बच्चा छह महीने का हो या फिर दस वर्ष का। स्तनपान कराने से लेकर पानी पीने तक ध्यान दें कि वे भरपूर मात्रा में लिक्विड ले रहे हैं। गर्म हवा के थपेड़ों के दौरान बच्चों को सही कपड़े पहनाना महत्वपूर्ण है। इस दौरान कॉटन जैसे नेचुरल फैब्रिक चुनें जो हल्के, ढीले-ढाले और सांस लेने वाले हों। सिंथेटिक फैब्रिक से दूर रहें क्योंकि इससे त्वचा ठीक तरह से सांस नहीं ले पाती और गर्मी के मौसम में काफी असहजता हो जाती है। साथ ही कॉटन के कपड़े पसीने को सोखने में मदद करते हैं, जिससे शरीर का उचित तापमान बना रहता है।बच्चे को हीटवेव से बचाने में कमरे का तापमान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए कोशिश करें कि कमरे का तापमान ठंडा रखें। इसके लिए केवर पंखे पर निर्भर नहीं रहा जा सकता, एयर कंडीशनर, कूलर या ह्यूमिडिफायर का प्रयोग करें। बच्चे को कभी भी गर्म कार में अकेला न छोड़ें, भले ही वह थोड़े समय के लिए ही क्यों न हो। कार के अंदर का तापमान तेजी से बढ़ सकता है, जो उनके लिए खतरनाक या घातक भी हो सकता है।बच्चों की त्वचा नाजुक और संवेदनशील होती है, जो हीटवेव से आसानी से जल सकती है। इसलिए उनके हाथों, चेहरे, गर्दन और किसी भी अन्य खुले भाग पर कम से कम एसपीएफ 30 वाला सनस्क्रीन लगाएं।

बच्चे के लिए सही सनस्क्रीन चुनने के लिए त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें। सूरज की किरणों से उनकी आंखों और चेहरे को बचाने के लिए टोपी और धूप के चश्मे का भी इस्तेमाल करें। कोल्ड शावर बच्चों को हीटवेव से बचाने में प्रभावी ढंग से मदद कर सकता है। इससे बच्चे को ठंडक और चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलेगी। लेकिन ध्यान दें कि बहुत अधिक ठंडे पानी का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि ये उनके शरीर को कंपकंपी दे सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पीआरडी के जरिए तकनीकी पदों पर भी होगी तैनाती

देहरादून। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पीआरडी के जरिए विभिन्न विभागों में अब तकनीकी पदों पर भी कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने इसके लिए जल्द विभागीय अधिकारियों को नियमावली तैयार करने के निर्देश दिए। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को विधानसभा में पीआरडी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने पीआरडी एक्ट में संशोधन पर मुहर लगा दी है। ऐसे में अब जल्द से जल्द नियमावली तैयार कर इसका जीओ जारी किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को एक महीने के भीतर नियमावली बनाने के काम पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि पीआरडी एक्ट में संशोधन से अब राज्य का अपना एक्ट बनने जा रहा है। जिसके तहत पीआरडी कर्मचारियों को कई सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नए पीआरडी एक्ट के तहत गर्भवती महिलाओं को मातृत्व अवकाश मिलेगा। साथ ही पीआरडी सेवक भी अब साठ साल तक नौकरी कर पाएंगे। अभी तक उन्हें सुरक्षा संबंधी कार्यों में ही तैनाती दी जाती थी लेकिन अब उनकी नियुक्ति तकनीकी पदों पर भी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवानों के लिए तैनाती की आयु सीमा अब 18 से 42 वर्ष की जा रही है। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, निदेशक जितेंद्र कुमार सोनकर, संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### डिफेंस कॉलोनी में आर्मी टैंक स्थापित किया

देहरादून। डिफेंस कॉलोनी में टी-55 आर्मी टैंक की स्थापना की गई। टैंक की स्थापना सैनिक सहकारी आवास समिति ने करवाई है। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थापना समिति के अध्यक्ष कैप्टन टीपी कुंडलिया ने किया। समिति के उपाध्यक्ष डॉ. बिमलकांत नौटियाल ने बताया कि यह टैंक सोवियत संघ में बना एक कम्बैक्ट ट्रैक वाइकल है, जिसे 1966 में भारतीय सेना में शामिल किया गया था। यह उस समय विश्व के सबसे आधुनिक युद्ध टैंकों में एक था। टैंक संचालन में काफी साधरण और मजबूत है। 1971 के युद्ध में इस टैंक ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बांग्लादेश मुक्ति युद्ध का अहम हिस्सा रहा है। इस मौके पर ब्रिगेडियर रिटायर चरणजीत सिंह, पूर्व अध्यक्ष कर्नल एसएल पैन्यूली, कर्नल वीपी नौटियाल, एमएम उनियाल, एएस कंडारी, सूबेदार एसएस रावत, चंद्रा रावत समेत प्रबंधन समिति के सदस्यो के साथ पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर मिले वेतन

देहरादून। सामाजिक कार्यकर्ता कमल कंडवाल ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने राज्य के सभी कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारियों को बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर वेतन भुगतान करने की मांग की है। मांग की है कि सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित कर अधिकारी और कर्मचारियों की प्रत्येक महीने की बायोमैट्रिक उपस्थिति से ड्यूटी सत्यापन करके प्रिंट को उपस्थिति पंजीका में चस्पा करने के बाद ही वेतन भुगतान किया जाए। साथ ही बायोमैट्रिक उपस्थिति का वार्षिक प्रिंट उनके गोपनीय प्रतिवेदनों में संलग्न करवाने की मांग की है। जिससे अधिकारी और कर्मचारियों के ड्यूटी अवकाश का रिकार्ड सुरक्षित रहेगा और अवकाश का सही लेखा-जोखा रखने से नगदीकरण के व्यय में कमी आएगी। साथ ही कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारियों के उपस्थित रहने से आम जनता को सुविधा मिलेगी।

### मालदेवता में बेकाबू कार की टक्कर से युवती की मौत मामले में केस दर्ज

देहरादून। मालदेवता में बेकाबू कार की टक्कर से जान गंवाने वाली युवती के मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार पुलिस ने कब्जे में ले ली है। कार चालक की तलाश की जा रही है।मालदेवता चौकी इंचार्ज राजीव धारीवाला ने बताया कि घटना बीते चार जून की है। मालदेवता रोड पर ऋद्धा उपाध्याय मूल निवासी पश्चिमी बंगाल अपने दोस्त के साथ स्कूटर से जा रही थी। वह स्कूटर पर पीछे बैठी थी। तभी पीछे से आई बेकाबू कार ने स्कूटर में टक्कर मारी। इस दौरान ऋद्धा नीचे गिरी। अस्पताल ले गए तो उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। कार चालक मौके से फरार हो गया था। मामले में पुलिस ने कार आरोपी के घर के पास से कब्जे में ले ली है। वहीं आरोपी फरार है।

# पर्यटकों से गुलजार हुई तीर्थनगरी

ऋषिकेश। गर्मी बढने और स्कूल की छुट्टियों के चलते आसपास के राज्यों के पर्यटकों ने तीर्थनगरी और साथ लगते इलाकों रुख करना शुरू कर दिया है। इससे गंगा घाटों से लेकर तमाम पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार नजर आ रहे हैं। कैंपिंग और राफ्टिंग के लिए भी भारी तादाद में पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। चारधाम यात्रा के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या भी बढने लगी है। अत्याधिक आवाजाही से ऋषिकेश से लेकर तपोवन तक हर रोज नेशनल हाईवे व आंतरिक मार्गों पर जाम की स्थिति पैदा हो रही है। जाम के चलते अब हर रोज पुलिस को रूट डायवर्ट करना पड़ रहा है।

रायवाला में नेपाली फार्म फ्लाईओवर से बाहरी राज्यों के वाहनों का डायवर्जन प्लान भी अब पुलिस को प्रतिदिन लागू करना पड़ रहा है। ज्यादा पर्यटक राफ्टिंग और कैंपिंग के लिए पहुंच रहे हैं। इससे पर्यटन व्यवसायियों के चेहरे खिले गए हैं। हाईवे पर वाहनों की भीड़-भाड़ से लोगों को जाम और स्लो ट्रैफिक की समस्या से परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहर में त्रिवेणी घाट और मुनिकीरेती, रामझूला, जानकी सेतु और स्थानीय गंगाघाटों से लेकर तटों पर पर्यटकों का मेला लगा दिख रहा है। स्वर्गाश्रम में भी घाटों पर पर्यटकों की भीड़ नजर आ रही है। कैंपिंग और राफ्टिंग कारोबारी वैभव थपलियाल ने बताया कि अन्य महीनों के मुकाबले जून में ज्यादा पर्यटकों की आमद हो रही है। क्षेत्र के सभी कैंप और रिजॉर्ट पूरी तरह से फुल हैं, तो आगे भी एडवांस बुकिंग है। राफ्टिंग के लिए भी हजारों की संख्या में पर्यटक हर रोज पहुंच रहे हैं। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन नागपाल ने बताया कि शहर के सभी होटलों में 15 जून तक बुकिंग फुल है।

## गर्भवती को अस्पताल ला रही एंबुलेंस मकान की छत पर पलटी

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा जनपद के तहसील मुख्यालय रानीखेत के निकटवर्ती ग्राम किलकोट के पास गर्भवती महिला को अस्पताल लाते वक्त एंबुलेंस पलट गई। जिसमें गर्भवती महिला के साथ तीमारदार के रुप में आई बुजुर्ग महिला गंभीर चोट लगने से घायल हो गई। जिसे हल्द्वानी रेफर कर दिया है। वाहन में मरीज समेत पांच लोग सवार थे। राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र सदर रानीखेत अन्तर्गत ग्राम किलकोट (ऐरोली) में एंबुलेंस 108 आपातकालीन की यह दुर्घटना दोपहर 1:30 बजे हुई। रानीखेत तहसील से मिली जानकारी के अनुसार गर्भवती दीपा नेगी पत्नी चन्दन सिंह नेगी को ग्राम गंगो?ा से राजकीय चिकित्सालय रानीखेत को लाते समय किलकोट में एंबुलेंस अनियंत्रित होकर स?क से नीचे जा गिरी और धर्मा देवी पत्नी स्व. भूपेन्द्र राम के मकान के छत में पलट गई। इस एंबुलेंस में चालक मनोहर पुत्र केशव राम, एएनएम सुषमा पुत्री गणेश दत्त जोशी, मरीज 29 वर्षीया दीपा नेगी पत्नी चन्दन सिंह नेगी, 65 वर्षीया राधिका देवी एवं 50 वर्षीय टीका राम पुत्र किशन राम सवार थे। इसमें राधिका देवी को हायर सेन्टर रेफर किया गया है, उसके पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। बांकी अन्य 04 व्यक्तियों को हल्की चोटें आयी हैं, जिनका उपचार गोविन्द सिंह मेहरा राजकीय चिकित्सालय रानीखेत में चल रहा है। चालक के अनुसार स्टेयरिंग लॉक होने से यह हादसा हुआ।

# मसूरी की दशा नहीं सुधरी तो देहरादून तक पैदल मार्च निकालेंगे हरीश रावत

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत बुधवार को मसूरी में सडकों की बदहाली को लेकर धरने पर बैठे। उन्होंने यहां ऐलान किया कि मसूरी की हालत 15 दिन में नहीं सुधरती है तो वह मसूरी से देहरादून तक पैदल मार्च पर निकलेंगे।

किताबघर स्थित गांधी की मूर्ति के नीचे हरीश रावत की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेसी धरने पर बैठे। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि मेरी तो समझ में नहीं आ रहा है कि कौन सी ऐसी रॉकेट टेक्नोलोजी की जरूरत है जो मसूरी में साधारण से मरमत के काम नहीं हो पा रहे हैं। सडकों के गड्ढे नहीं भर पा रहे हैं। माल रोड शान है, मसूरी राज्य का अभिमान है और राज्य का सम्मान है। उस मसूरी की ऐसी दशा कर देंगे यह सरकार के लिए आईना है। कहा कि वह मसूरी के लोगों का दर्द देहरादून तक पहुंचाने का काम करेंगे। अगर 15 दिन में सडकें नहीं बनती हैं तो मसूरी से देहरादून तक पैदल मार्च निकालेंगे। मसूरी की सडकों की दुर्दशा होने के कारण लोगों का बड़ा नुकसान हो रहा है। सडकों का चौड़ीकरण भी नहीं हो पाया जिससे आए दिन जाम की समस्या पैदा हो रही है। वन टाइम सेटेलमेंट के बावजूद आवासों को लेकर समस्या जस की तस बनी हुई है। इस दिशा में भी सरकार कोई कार्य नहीं कर रही है। हरीश रावत ने कहा कि भाजपा वाले अब कहीं भी जाएं, कुछ भी करें, उनका अब समय समाप्त हो गया है। 2024 में देश की लोकतांत्रिक शक्तियां सरकार बनाएगीं और लोकतांत्रिक सरकार का प्रधानमंत्री झंडा फहराएगा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि मसूरी की विभिन्न समस्याओं के लिए वे पिछले एक माह से लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन भाजपाई केवल ढोल-नगाड़े बजवाने, शिलान्यास और घोषणा करने तक में सीमित हैं। उन्हें मसूरी की समस्याओं से उनका कोई लेना-देना नहीं है। इस मौके पर पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन सिंह मल्ल, महेश चंद्र, मेघ सिंह कंडारी, रामप्रसाद कवी, वसीम खान, आरपी बडोनी, अरविंद सोनकर, महिमानंद, अक्षत वर्मा, जसवीर कौर समेत अन्य मौजूद रहे।

## बच्चों व अभिभावकों को फिल्म में जरिए दी गई शिक्षा की जानकारी

देहरादून। केवी आईआईपी में बुधवार को बच्चों,शिक्षकों और अभिभावकों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता ज्ञान बढाने के लिए फिल्म दिखाई गई। जिसका मकसद बच्चों को खेल, खोज और रोचक गतिविधि-आधारित शिक्षण के जरिए स्थितियों से जोडक़र पढाना है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य मिक्की खुल्बे ने कक्षा तीन तक के शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के सफल संचालन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में 325 छात्रों, 15 शिक्षकों ने व 45 अभिभावकों ने हिस्सा लिया।

## नर्सों ने किया महानिदेशालय पर प्रदर्शन, कार्य बहिष्कार की चेतावनी

देहरादून। नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन ने स्वास्थ्य महानिदेशालय पर प्रदर्शन कर चिकित्सा शिक्षा से रिलीव किए गए कर्मचारियों का वेतन जारी करने की मांग की। एक सप्ताह के भीतर मांग पूरी न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी गई है। नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को डांडा लखौंड स्थिति स्वास्थ्य महानिदेशालय पहुंचा और महानिदेशालय पर प्रदर्शन किया। नर्सेज ने कुछ देर के लिए डीजी हेल्थ का घेराव किया और उन्हें कार्यालय में नहीं जाने दिया। हालांकि डीजी के समझाने पर नर्सेज मान गई। इससे पहले उन्होंने महानिदेशालय के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। नर्सेज एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी जखमोला ने डीजी हेल्थ डॉ विनीता शाह के साथ हुई वार्ता के दौरान कहा कि महानिदेशालय ने बिना पद समायोजित किए ही कर्मचारियों को चिकित्सा शिक्षा से हटाने के निर्देश दिए जिससे चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कर्मचारियों को रिलीव कर दिया। लेकिन पद समायोजित न होने की वजह से अब कर्मचारियों को दो माह से भी अधिक समय से वेतन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द नर्सेज का समायोजन कर उनका वेतन निकाला जाए। उन्होंने कहा कि वर्षों की सेवा के बाद कर्मचारियों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाना पूरी तरह गलत है और इसे किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर नर्सेज का वेतन नहीं निकाला गया तो उन्हें मजबूरन प्रदेश भर में कार्य बहिष्कार के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस दौरान डीजी हेल्थ डॉ विनीता शाह ने कहा कि नर्सेज की मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कई अस्पतालों के लैब टैक्नीशियन भी मौजूद रहे। प्रदर्शन करने वालों में नर्सेज एसोसिएशन की प्रदेश महासचिव कांति राणा, विद्या चौबे, इंदु शर्मा, पुरुषोत्तम त्यागी, मंजू चौहान, वीरवती, भावना, पुष्पा, निधि, रेखा बिष्ट, सीमा जोशी, अनुपमा, शशि भंडारी, अर्चना बिष्ट, मधुलिका भटनागर आदि मौजूद रहे।

## डाटकाली मंदिर का वार्षिकोत्सव 18 जून से शुरू होगा

देहरादून। डाटकाली मंदिर का 220वां वार्षिकोत्सव 18 जून से शुरू होने जा रहा है। 26 जून को यहां भव्य रात्रि जागरण होगा। वार्षिकोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

श्री मां डाटकाली(घाटेवाली) मनोकामना सिद्धपीठ से जुड़े सेवादल की बैठक में वार्षिकोत्सव की तिथि की घोषणा की गई। मंदिर के महंत रमन प्रसाद गोस्वामी की मौजूदगी में हुई बैठक में मंदिर सेवादल के दिनेश अग्रवाल और गौरव कुमार ने बताया कि रविवार 18 जून को भैरव पूजा के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। 19 जून को शिव पूजा, 20 जून को सुंदरकांड पाठ और 23 जून को झंडा परिक्रमा होगी। 26 जून को माता का भव्य जागरण होगा और अगले दिन 27 जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात्रि जागरण में पंजाब, दिल्ली और उत्तराखंड के कलाकार प्रस्तुति देंगे।

बैठक में मंदिर सेवा दल के नरसिंह दास, हरीश मारवाह, शुभम गोस्वामी, संजय गोस्वामी, शिवम गोयल, आचार्य शैलेंद्र थपलियाल, अनूप ममगाई, प्रवीन जुयाल, विश्वजीत नेगी, सुनील आहूजा, धर्म सोनकर, विक्की खत्री, अक्षम महेंद्रु, विजय अरोड़ा, विकास मल्होत्रा, रोहित बेदी, अमित कर्णवाल, सूरज शर्मा, गौतम प्रजापति, पंकज चांदना मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### योगपीठ में इलाज का झांसा देकर ठग लिए 1.85 लाख

देहरादून। पतंजलि योगपीठ में इलाज के झांसे में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गए। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि धोखाधड़ी को लेकर राय सिंह रावत निवासी सरस्वती एंक्लेव, बद्रीपुर ने तहरीर दी। बताया कि पतंजलि में अपने इलाज के लिए उन्होंने गूगल पर सर्च किया। इस दौरान योगपीठ पतंजलि के नाम से बनी एक वेबसाइट पर वह बुकिंग के लिए गए। वहां अपनी जानकारी दर्ज की। बीते 17 मई को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद का परिचय आचार्य गोपाल पांडे के रूप में दिया। उसने इलाज की बुकिंग का झांसा दिया। इसके बाद व्हाट्सएप पर कॉल कर एक खाता देकर उसमें कुल 1.85 लाख रुपये जमा करवा लिए। इसके बाद पीडि़त ने पतंजलि में संपर्क किया। तब पता लगा कि पीडि़त के साथ धोखाधड़ी हुई है। मामले पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यात्रा मार्ग की दुकानों पर लगेंगे डस्टबिन

देहरादून। निदेशक पंचायतीराज ओमकार सिंह ने यात्रा मार्गों के प्रमुख पड़ावों पर स्थित बाजारों में तीन दिन के अंदर डस्टबिन लगाने के निर्देश दिए हैं। पंचायतीराज निदेशालय में आयोजित बैठक में सिंह ने कहा कि गत सप्ताह भ्रमण के दौरान उन्हें कई जगह यात्रा पड़ाव पर सफाई में कमी नजर आई, इसलिए सभी जगह यात्रा मार्ग पर पर दुकानों के बाहर डस्टबिन लगाए जाएं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में काम्पेक्टर भी लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में तैनात स्वच्छकों की हाजिरी बयोमैट्रिक के जरिए लगाई जाए। उन्होंने सभी जिला पंचायतराज अधिकारियों को जिलाधिकारी के माध्यम से 26 जनवरी 2024 के मौके पर दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए भी नामों की संस्तुति भेजने को कहा है। इस मौके पर उप निदेशक मनोज तिवारी के साथ ही सभी जिला पंचायतराज अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित हुए।

### कांग्रेस प्रोटोकाल को लेकर फिर मुख्य सचिव पर गरम

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु प्रोटोकॉल को लेकर एक बार फिर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के निशाने पर आ गए हैं। इस बार कांग्रेस ने उन पर भाजपा विधायक शैलारानी को सम्मान नहीं देने का आरोप लगाया है। केदारनाथ से भाजपा विधायक शैलारानी रावत ने मुख्य सचिव को ज्ञापन देने की फोटो अपनी फेसबुक में डाली है। जिसमें वो खड़ी होकर ज्ञापन सौंप रही हैं, जबकि मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु अपनी सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं। विपक्षी कांग्रेस ने इस फोटो को नौकरशाही द्वारा जनप्रतिनिधियों को सम्मान न देने के प्रतीक के तौर पर लिया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने बयान जारी कहा कि लोकतंत्र में विधायिका और कार्यपालिका के लिए प्रोटोकॉल तय है। जिसमें निर्वाचित सांसद- विधायक के सामने प्रत्येक अधिकारी को प्रोटोकॉल के अनुसार अभिवादन देना होता है। गैरसैंण में जब वो विधायक भुवन कापड़ी, हरीश धामी और आदेश चौहान के साथ मुख्य सचिव से मिलने पहुंचे तो उस समय भी प्रोटोकॉल का पालन नहीं हुआ। तब सदन में मामला उठाने पर पीठ से सरकार को निर्देशित किए जाने के बावजूद सरकार, कार्यपालिका की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं ला पाई है। प्रीतम सिंह ने कहा कि इससे साफ है कि प्रदेश में सरकार का नौकरशाही पर नियंत्रण नहीं रह गया है। उन्होंने इस घटनाक्रम की निंदा की है। कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि नौकरशाही, जनप्रतिनिधियों को सम्मान नहीं दे रही है। खुद भाजपा विधायक इसका शिकार हो रहे हैं, मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने भी इसे नौकरशाही के बेलगाम होने का उदाहरण बताया है।

### नगर निगम: दून में सफाई व्यवस्था की निगरानी महिला समूहों के जिम्मे होगी

देहरादून। नगर निगम के वार्डों में सफाई यूजर चार्ज कलेक्शन का काम स्वयं सहायता समूह करेंगे। प्रतिमाह कुल जमा राशि का एक हिस्सा समूह की सदस्य महिलाओं को आय के तौर पर दिया जाएगा। इसके अलावा वाहनों की मॉनीटरिंग भी उनके ही स्तर से होगी।

हाल ही संयुक्त सचिव एवं राष्ट्रीय मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन रूपा मिश्रा ने देहरादून में निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उस दौरान हल्द्वानी नगर निगम की टीम ने अपने यहां बनाई गई बैणी सेना के बारे में प्रेजेंटेशन दिया था। जिसमें कहा गया था कि वहां पहले यूजर चार्ज कलेक्शन प्रतिमाह छह लाख रुपये था। जबकि स्वयं सहायता समूहों को यह काम सौंपा गया तो यह कलेक्शन 32 लाख रुपये पहुंच गया। समूहों के द्वारा प्रत्येक वार्ड में सफाई वाहनों की निगरानी के बाद 90 प्रतिशत घरों से कूड़ा उठने लगा। जबकि देहरादून में वार्डों की संख्या 100 होने के बावजूद यूजर चार्ज कलेक्शन प्रतिमाह औसतन दस से बारह लाख रुपये हो पा रहा है। कुछ समय पूर्व बिजली बिल के साथ सफाई यूजर चार्ज लेने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया था। लेकिन उसे शासन से मंजूरी नहीं मिल पाई। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने बताया कि हल्द्वानी की तर्ज पर देहरादून में स्वयंसहायता समूहों को यह जिम्मेदारी देने का प्रस्ताव तैयार किया है।

### कांग्रेस ने फोर्टिफाइड चावल वितरण पर सवाल उठाए

देहरादून। कांग्रेस ने सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से वितरित किए जा रहे फोर्टिफाइड चावल पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के अनुसार विशेषज्ञों की चेतावनी के बावजूद केंद्र सरकार इस चावल को वितरित कर रही है। कांग्रेस भवन में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी और मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च और नीति आयोग के दो वरिष्ठ सदस्यों ने अपनी रिपोर्ट में केंद्र सरकार को आगाह किया है कि इस मिनरल युक्त चावल से एनीमिया और मधुमेह जैसी बीमारियां बढ़ सकती हैं। इसके बावजूद केंद्र सरकार खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत फोर्टिफाइड चावल वितरित कर रही है। गरिमा मेहरा दसौनी ने दावा क?िया क?ि चिकित्सा विशेषज्ञों ने भी बच्चों के स्वास्थ्य पर आयरन-फोर्टिफाइड चावल के प्रतिकूल प्रभाव के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसी तरह नीति आयोग की अध्ययन रिपोर्ट में फोर्टि?फाइड चावल को 'उच्च जोखिम' श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की आधी आबादी को फोर्टिफाइड चावल दिए जाने के पीछे बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दबाव भी एक वजह है। इस दौरान मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, पछुवादून जिला अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट भी उपस्थित रहे।

### राशन वितरण की व्यवस्था पर उठाए सवाल

देहरादून। इंदिरा कालोनी वार्ड की पार्षद सविता सोनकर ने बुधवार को स्थानीय लोगों के साथ कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पत्र सौंपकर मंत्री को अवगत करवाया कि क्षेत्र के कई राशनकार्डधारकों को समय से राशन नहीं मिल पा रहा। वितरण भी पारदर्शिता के साथ नहीं हो रहा। उनका कहना है कि जिस दुकान से लोगों को राशन मिल रहा था,उसके संचालक की तबियत खराब होने के बाद दूसरी दुकान के माध्यम से राशन दिया जा रहा था। छह माह तक व्यवस्था ठीक रही।

# गुड न्यूज़ : उत्तराखंड पुलिस में 1550 कांस्टेबलों की भर्ती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 08 जून : खाकी वर्दी पहन समाज के लिए कुछ बेहतर करने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है। इस सपने को पूरा करने का वक्त आ गया है। कमर कस लें और तैयारी शुरू कर दें। उत्तराखंड पुलिस में जल्द ही कांस्टेबल के 1550 पदों पर नई भर्ती होगी। प्रदेश के युवा लंबे वक्त से कांस्टेबल भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी तो मैन पॉवर की कमी से जूझ रहे पुलिस महकमे को राहत मिलेगी। प्रदेश के सैकड़ों युवाओं को रोजगार पाने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस लाइन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान प्रदेश में कांस्टेबल भर्ती जल्द शुरू करने की घोषणा की।

इस दौरान सीएम धामी ने उत्तराखंड पुलिस में आरक्षी जनपदीय पुलिस, आरक्षी पीएसी/आईआरबी तथा फायरमैन पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। सीएम ने सरकारी भर्तियों में नकल के मामले सामने आने के विषय में भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लंबे समय से भर्तियों में नकल की बात सामने आ रही थी। इसे लेकर सरकार सख्त है। उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां नकल विरोधी कानून लागू हुआ है। किसी भी युवा के साथ सरकार अन्याय नहीं होने देगी।

बता दें कि राज्य सरकार निकट भविष्य में नई रोजगार नीति लाने पर भी विचार कर रही है। इससे राज्य के शिक्षित व प्रशिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। एक कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के तहत अगले एक साल में 10 लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा।





# 'नैनीताल में ट्रैफिक की समस्या नहीं सुलझाई तो जोशीमठ जैसे होंगे हालात : हाईकोर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 08 जून : उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पर्यटक सीजन के दौरान नैनीताल में वाहनों की भीड़ से ट्रैफिक जाम होने के कारण आवश्यक सेवाएं बाधित होने को लेकर स्वतः संज्ञान से ली गई जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर इस समस्या को समय पर नहीं सुलझाया गया तो यहां के हालात भी जोशीमठ की तरह हो सकते हैं। स्थानीय प्रशासन ने यातायात प्रबंधन को नजरअंदाज किया है। जिसकी वजह से अव्यवस्था हुई है।



हाईकोर्ट ने नैनीताल में पार्किंग कम होने के कारण यहां हेली सेवा, रोपवे व शटल सेवा का सहारा लिए जाने की जरूरत बताई है। कोर्ट ने नगर पालिका से पूछा है कि माल रोड में कितने ई-रिक्शा चल रहे हैं। एक अधिवक्ता द्वारा मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शहर में ट्रैफिक जाम होने से हो रही परेशानी से अवगत कराया था। पत्र में कहा गया था कि नैनीताल में खासकर सीजन के दौरान ट्रैफिक जाम की बहुत बड़ी समस्या है। सीजन के दौरान हजारों पर्यटक अपने वाहनों और टैक्सी से यहां आते हैं जो जाम का मुख्य कारण हैं। उच्च न्यायालय की तरफ से समय-समय पर जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन को ट्रैफिक सुधारने के लिए निर्देश जारी हुए हैं लेकिन समस्या का हल आज तक नहीं निकला। यातायात पुलिस ट्रैफिक को आसानी से चलाने में नाकाम साबित हुई है जिससे स्कूली बच्चों, कार्यालय कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को समय पर पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है।

पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण होटल व्यवसायी भी पर्यटकों की गाड़ियों को सड़क पर ही खड़ी करवा रहे हैं। ऐसे में कई बार एम्बुलेंस समेत मरीजों को लेजा रही निजी गाड़ियां भी ट्रैफिक जाम में फंस जाती हैं।

कालाढूंगी, भवाली और हल्द्वानी से आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग नहीं हो रही है। जिससे जाम के हालात पैदा होते हैं और पुलिस खुद मूकदर्शक बनी रहती है। इंडिया होटल के पास जू से शटल सेवा लगी रहती है जिसकी वजह से और जाम लग जाता है। उसे भी आगे शिफ्ट किया जाए।

## दून स्टार क्रिकेट एकेडमी ने दून क्रिकेट एकेडमी को हराया

देहरादून। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-19 डिस्ट्रिक्ट लीग में दून स्टार क्रिकेट एकेडमी, दून बलूनी स्पोट्र्स एकेडमी, बारू क्रिकेट क्लब और महाराणा प्रताप स्पोट्र्स क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीते।

दून क्रिकेट ग्राउंड में बुधवार को पहला मैच दून स्टार क्रिकेट एकेडमी और दून क्रिकेट एकेडमी के मध्य में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दून क्रिकेट एकेडमी 29.4 ओवरों में 96 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दून स्टार क्रिकेट एकेडमी ने 16.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाकर लक्ष्य प्राप्त किया। दूसरे लीग मैच में बलूनी क्रिकेट एकेडमी ने जीएसआर क्रिकेट एकेडमी को सात विकेट से हराया। न्यू ऐरा क्रिकेट एकेडमी और बारू स्पोट्र्स क्लब के बीच हुए तीसरे लीग मैच में बारू क्रिकेट क्लब ने नौ विकेट से जीता। वहीं, चाथे लीग मैच में महाराणा प्रताप स्पोट्र्स क्लब ने हरिपुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ 108 से जीत दर्ज की।

# एफसीआई दिल्ली और केरल क्रिकेट एसोसिएशन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

देहरादून। ऑल इंडिया उत्तराखंड गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में शानदार जीत दर्ज कर केरल क्रिकेट एसोसिएशन और एफसीआई-एनजेड दिल्ली क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

महाराणा प्रताप स्पोट्र्स कॉलेज में बुधवार को पहला मैच एफसीआई-एनजेड दिल्ली और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेला गया। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.4 ओवर में ऑल आउट होकर 206 रन बनाए। इसमें करन सिंह ने सर्वाधिक 86 रनों की पारी खेली। एफसीआई की ओर से विजय और विवेक ने तीन-तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एफसीआई की टीम 37.1 ओवर में छह विकेट से जीत गई। टीम के लिए करन देधा ने 81, तरुण बिष्ट ने 41 रनों का योगदान दिया। दूसरा मैच कसीगा स्कूल के ग्राउंड पर केरल क्रिकेट एसोसिएशन और ए एंड एस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ कॉलकाता के बीच खेला गया।

केरल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नर्धारित 40 ओवर में 242 रन का लक्ष्य दिया। इसमें मोहम्मद अजहर ने 36, जोफिन ने 33, सलमान ने 24, शराफुद्दीन ने 81 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की शुरुआत अच्छी नहीं हो पाई। टीम 34.1 ओवर में ही 140 रन पर ऑल आउट हो गई। केरल ने 101 रनों से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।

## संक्षिप्त खबरें

### तिक्रमण हटाए जाने हेतु जिलाधिकारी के निर्देशन पर 05 जोन बनाए

देहरादून। जनपद में अतिक्रमण से बाधित स?कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण हटाए जाने हेतु जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका के निर्देशन पर 05 जोन बनाए गए है, जिनके लिए नगर निगम, पुलिस, प्रशासन की अलग-अलग संयुक्त टीम बनाकर प्रथम चरण में अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। आज सर्वे चैक, नैनी बैकरी, दिलाराम चैक, हाथीब?कला, प्रिसं चैक से रिस्पना पुल आदि स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

टीमों द्वारा आज अपने-अपने जोन में 10 स्थानों से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। प्राप्त सूचना के अनुसार नगर निगम देहरादून द्वारा कुल 30 चालान करते हुए लगभग धनराशि रू0 17000 अर्थदण्ड की कार्यवाही तथा पुलिस टीम द्वारा 27 चालान करते हुए लगभग धनराशि रू0 13500, आरटीओ द्वारा 38 चालान करते हुए धनराशि रुपए 21000 अर्थदण्ड की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा चेतावनी दी गई है कि अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लिया जाए अन्यथा भारी अर्थदण्ड की कार्यवाही के साथ ही सामग्री जब्त कर ली जाएगी।

### निर्माण कार्यों एवं रोड सुधारीकरण हेतु डीएम ने दिए दिशा-निर्देश

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने मसूरी में चल रहे निर्माण कार्यों एवं रोड सुधारीकरण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो कार्य अवशेष रह गए हैं उनको मानसून से पहले यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने चैम्बर, कबल का कार्य तथा तारों अंडरग्राउण्ड किये जाने कार्य पूर्ण करते हुए फिनिशिंग टच दिये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मसूरी नन्दन कुमार सहित, लोनिवि, विद्युत, जल संस्थान आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शारदा नदी में डूबने से बच्चे की मौत

चम्पावत। उत्तराखंड के चंपावत जिले के टनकपुर से है। जहां एक 12 वर्ष का बच्चा शारदा नदी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची जल पुलिस ने बच्चे के शव को घाट के पास से ही बरामद किया है। बेटे की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार टनकपुर की नई बस्ती कालोनी निवासी आयर्न विश्वकर्मा( 12 वर्ष ) पुत्र पोतीराम विश्वकर्मा शारदा नदी में नहाने गया था। बताया जा रहा है कि इस दौरान वह पानी मे डूब गया। परिजनों ने बताया कि उसे मिर्गी के दौरे आते थे। आशंका जताई जा रही है कि पानी में मिर्गी का दौरा आने से उसकी मौत हुई होगी। क्योंकि वह उस जगह पर डूबा है जहां पानी डूबने लायक नहीं था। वह कक्षा 5 का छात्र था। बेटे की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

### खेतों में लटके बिजली के तारों से झुलसी महिला

बागेश्वर। खेतों में घास काटने गई महिला पर बिजली के तार गिर गए और करंट लगने से महिला झुलस गई। जिसे परिजन जिला अस्पताल लेकर गए और चिकित्सकों द्वारा महिला का उपचार किया गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश का माहौल है। उनका कहना है कि यह ऊर्जा निगम की लापरवाही है। जनपद के जनौटी पालड़ी गांव निवासी 27 वर्षीय माया देवी पत्नी रमेश चंद्र खेतों में घास काटने के लिए गई थी और बिजली के तार वहाँ लटक रहे थे हल्की हवा चलने से वह हरे घास को छू गए जिसकी चपेट में आने से माया देवी झुलस गई। हालांकि वह तारों से अलग छटक गई जिसके कारण उनकी जान बच गई लेकिन वह बेहोश हो गई। साथ में घास काट रही अन्य महिलाओं ने इस बात की सूचना परिवार वालों को दी जिसके बाद आनन-फानन में महिला को जिला अस्पताल में लाया गया और वहां पर चिकित्सक उसके उपचार में जुट गए। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 1 साल से खेत में तार लटक रहे हैं इसकी शिकायत कई बार की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही सामने नहीं आई है इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती हैं। ऊर्जा निगम से तत्काल झूलते तारों को दुरुस्त करने की मांग की गई है।

### बहन से मिलने आए युवक की छत से गिरने से मौत

चम्पावत। छत से गिरने से पिथौरागढ़ निवासी के एक युवक की मौत हो गई। युवक अपनी बहन से मिलने गैड़ाखाली आया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार उमेद राम (39) पुत्र कालू राम, निवासी मुवानी, पिथौरागढ़ कुछ दिन पहले बहन से मिलने गैड़ाखाली आया था। एसएसआई बची सिंह बिष्ट ने बताया कि उमेद राम मंगलवार रात घर की छत पर गया था। छत से उतरने के दौरान उमेद राम का पैर फिसल गया और वह जमीन पर गिर गया। परिजन घायल उमेद को लेकर उप जिला अस्पताल पहुंचे।

# उत्तराखंड में ऐसा पहली बार हुआ, परिवहन निगम ने एक ही दिन कमाए 3.20 करोड़ रुपये

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 08 जून : चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी का आधार है। इससे न सिर्फ युवाओं-महिलाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं बल्कि परिवहन सेवाओं के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। इसी कड़ी में उत्तराखंड परिवहन निगम ने एक दिन में सर्वाधिक इनकम का रिकॉर्ड बनाया है। पांच जून यानी को परिवहन निगम ने एक दिन में 3.20 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह परिवहन निगम की बसों से होने वाली अब तक की सर्वाधिक आय है। राज्य गठन के बीस साल बाद ऐसा पहली बार हुआ है,

जबकि परिवहन निगम ने एक दिन में 3.20 करोड़ रुपये कमा डाले। उत्तराखंड परिवहन निगम की तस्वीर अब बदलने लगी है। बीते 20 साल में से करीब 19 साल तक निगम आर्थिक घाटे में रहा। कर्मचारियों को सैलरी तक नहीं मिल पा रही थी, लेकिन पिछले साल परिसंपत्तियों के बंटवारे के बाद उत्तर प्रदेश से मिले 204 करोड़ रुपये के कारण निगम का घाटा दूर हुआ और यह मुनाफे में आ पाया। लगातार बढ़ रही पर्यटकों की संख्या से उत्तराखंड परिवहन निगम को अच्छा मुनाफा हुआ है। चारधाम यात्रा और पर्यटन सीजन के कारण निगम की बसें पूरी तरह पैक चल रही हैं। दिल्ली मार्ग सर्वाधिक आय वाला मार्ग बना हुआ है। पांच जून को बने आय के कीर्तिमान में सर्वाधिक 57 लाख रुपये की आय देहरादून ग्रामीण डिपो ने की है।

इससे पहले होली में परिवहन निगम ने 12 मार्च को 2.70 करोड़, जबकि छह मार्च को 2.44 करोड़ रुपये की कमाई की थी। होली पर यह अब तक की सर्वाधिक आय थी। पिछले वर्ष दीपावली पर भाई-दूज के अगले दिन निगम ने सर्वाधिक 2.87 करोड़ रुपये की आय का कीर्तिमान बनाया था। निगम के महाप्रबंधक (संचालन) दीपक जैन ने बताया कि वर्तमान में Uttarakhand Transport Corporation के पास 1305 बसों का बेड़ा है। इनमें 900 बसें निगम की अपनी हैं, जबकि शेष 405 अनुबंधित बसें हैं। यात्रा व पर्यटन सीजन में रोजाना 1200 बसें संचालित हो रहीं हैं। इनमें 35 बसें नियमित चारधाम यात्रा में चल रही हैं, जिनसे औसतन पांच लाख रुपये प्रतिदिन की आय हो रही।







## शराब वाहन के चालक ने कैंटीन में की आत्महत्या

रुडक़ी। शराब वाहन के चालक ने कैंटीन में फांसी लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर, घटना को लेकर ठेका स्वामी, सेल्समैन व परिवार में कोहराम मचा है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर चौक के पास अंग्रेजी शराब का ठेका है। शौकीन चंद (57) निवासी बानजावाला तहसील नाहन हिमाचल प्रदेश शराब का वाहन लेकर वहां पहुंचा था। मंगलवार रात में वह अपने साथी के साथ ठेके पर गया। रात के वक्त दोनों ठेके की कैंटीन में सो गए। इस बीच बुधवार सुबह शौकीन का शव कैंटीन में रस्सी से लटका मिला। सूचना मिलने पर ठेका स्वामी व सेल्समैन मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर बीएल भारती ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या किन परिस्थितियों और कारणों से हुई है इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

## मुकदमा वापस नहीं लेने पर गवाह को पीटा

रुडक़ी। मुकदमा वापस नहीं लेने पर कोर्ट परिसर में गवाह की पिटाई कर दी। किसी तरह गवाह वहां से अपनी जान बचाकर भागा। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद बताई जा रही है। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है।

गंगनहर कोतवाली को सुंदरलाल निवासी गांव तांशीपुर कोतवाली मंगलौर ने तहरीर देकर बताया कि वह मंगलवार को रामनगर कोर्ट में गवाही देने के लिए जा रहा था। रास्ते में मुकदमे के दूसरे पक्ष के लोगों ने पकड़ लिया और गवाही देने से मना किया। विरोध पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा होने पर अन्य लोगों ने किसी तरह पहुंचकर जान बचाई। घटना अधिवक्ताओं के चेंबर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। आरोप है कि मौका मिलने पर हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी है और गवाही व मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया है। इंस्पेक्टर बीएल भारती ने बताया कि तहरीर पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सफाई अभियान के लिए आगे आएगा सीबीआरआई

रुडक़ी। सीबीआरआई की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के कैंपस में गुरुवार को प्लास्टिक सफाई अभियान चलाया जाएगा।

संस्थान के निदेशक प्रो. आर प्रदीप कुमार ने शपथ ग्रहण कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजक समिति ने बताया कि विश्व पर्यावरण की थीम लाइफ स्टाइल मिशन फॉर अवेयरनेस के लिए 3 जून को एक साइकिल रैली निकाली गई। संस्थान के निदेशक कुमार और डॉ. सीके जैन ने 6 जून को कैंपस में पौधरोपण किया। डॉ. जैन ने जल गुणवता योजना और प्रबंधन के बारे में बताया था।

## पदभार ग्रहण करने पहुंचे निलंबित कुलपति को खाली हाथ लौटना पड़ा

रुडकी । गुरुकुल कांगड़ी विवि में कुलपति का पदभार ग्रहण करने पहुंचे निलंबित कुलपति प्रो. रूप किशोर शास्त्री 2 घंटे विश्वविद्यालय में रुकने के बाद खाली हाथ लौट गए। प्रो. रूप किशोर शास्त्री आर्य प्रतिनिधि सभाओं की ओर से बनाए गए कुलाधिपति सुदर्शन शर्मा का पत्र लेकर पहुंचे थे। मौके पर मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट नूपुर वर्मा आदि अधिकारियों को जब विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए गए तो निलंबित कुलपति को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी भी निलंबित कुलपति के विरोध में एकजुट होना शुरू हो गए थे।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सत्यपाल सिंह ने आरोप लगने के बाद 20 अक्तूबर 2022 को रूप किशोर शास्त्री को निलंबित कर दिया था। जिसके बाद यूजीसी की टीम ने कुलपति पर लगे आरोपों की जांच की थी। यूजीसी की जांच रिपोर्ट और यूजीसी के निर्देश पर कुलपति रूप किशोर शास्त्री को बीते 30 दिसंबर 2022 को बर्खास्त कर दिया था। जिसके बाद रूप किशोर शास्त्री ने कोर्ट की शरण ली थी। इसी बीच विश्वविद्यालय की प्रायोजक आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से सुदर्शन शर्मा को कुलाधिपति नियुक्त कर दिया था।

बुधवार को निलंबित कुलपति रूप किशोर शास्त्री सभाओं की ओर से बनाए गए कुलाधिपति का पत्र लेकर कुलपति का पदभार ग्रहण करने पहुंचे। निलंबित कुलपति अपने साथ सिटी मजिस्ट्रेट नूपुर शर्मा और भारी पुलिस बल को लेकर पहुंचे थे। वह करीब दोपहर 12:00 बजे विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में पहुंचे और कुलाधिपति का पत्र दिखाते हुए पदभार ग्रहण करने की बात कही। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर सुनील कुमार और कुलपति सोमदेव शतंशु ने रूप किशोर शास्त्री पर निलंबन आदि की कार्रवाई से जुड़े दस्तावेज अधिकारियों के सामने रखे। दस्तावेज देखने के बाद अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि प्रशासन का काम पदभार ग्रहण कराना नहीं है। पदभार ग्रहण करने के लिए प्रो. रूप किशोर शास्त्री कोर्ट आदि का शरण ले सकते हैं। जिसके बाद निलंबित कुलपति प्रो. रूप किशोर शास्त्री कर्मचारियों और शिक्षकों का विरोध देखते हुए वहां से चले गए।

## रिक्शा चालक पर धारदार हथियार से हमला

हरिद्वार। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक ई-रिक्शा चालक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन एम्स में ले गया। जहां से उसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस के मुताबिक ब्रह्मपुर निवासी प्रेम पेशे से ई रिक्शा चालक है। ललतारो पुल के पास किसी से विवाद हो गया। मारपीट करते हुए प्रेम के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने एक युवक पर संदेह जताया। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। एसएसआई मुकेश थलेड़ी ने बताया कि हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ की जा रही है।

## लालढांग में कलश यात्रा निकाली, कथा का शुभारंभ

हरिद्वार। लालढांग स्थित प्राचीन काली मंदिर में ग्रामीणों के सहयोग से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के साथ ही सात दिनों तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ भी हुआ। पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने व्याख्यान करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से जीवन सफल हो जाता है। जिसके लिए हमें दिनचर्या से समय निकाल कथा सुननी चाहिए। कलश यात्रा में सूदन दबराल, अनिल शर्मा, संजय अग्रवाल, राजेश्वरी देवी, अनिता तडियाल, लक्ष्मी, पुष्पा रावत, ममता देवी, सुनीता, मंजू, सुषमा, सुमन शामिल रहे।

## 56 ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिद्वार। कनखल थाने की पुलिस ने चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि रात के समय एक पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक की तलाशी ली। तलाशी लेने पर 56 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम अमन पुत्र राजेश निवासी सब्जी मंडी हरिलोक तिराहा ज्वालापुर बताया। एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## हाईवे पर ट्रक खराब होने से लगा तीन किमी लंबा जाम

हरिद्वार। दिल्ली-देहरादून हाईवे पर बुधवार को वीआईपी घाट के पास ट्रक खराब होने से तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रक को हाईवे से हटवाकर दूसरे स्थान पर खड़ा कराया। करीब दो घंटे जाम की समस्या झेलने के बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला पंचायत अध्यक्ष का लक्सर में स्वागत

रुडकी । भाजपाईयों ने जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी का लक्सर में स्वागत किया। जिपं अध्यक्ष ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनाई। 12 जून को भाजपा ओबीसी मोर्चा का बड़ा कार्यक्रम रुडक़ी में होना है। पदाधिकारी जोरशोर से इस कार्यक्रम की तैयारी में लगे हैं। इसी को लेकर भाजपा के जिपं अध्यक्ष किरण चौधरी ने बुधवार को लक्सर व आसपास के देहात क्षेत्र में जनसंपर्क किया। जिपं अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने नौ वर्षों में देश को आगे ले जाने का काम किया है। पूरी दुनिया में भारत के नाम का डंका बज रहा है। स्वागत करने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष अतुल गुप्ता, लक्सर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. हर्ष कुमार दौलत, खानपुर ब्लॉक प्रमुख मनीष चौधरी, प्रधान संगठन अध्यक्ष अनुज अग्रवाल सोनू, सहदीप सिंह, राजेंद्र वर्मा, राजेश सैनी, अजय वर्मा, सहदेव चौधरी, रविपाल सैनी, अर्जुन सिंह, राजवीर कश्यप, महेंद्र धीमान शामिल रहे।

### लिब्बरहेड़ी में गन्ना सर्वेक्षण का निरीक्षण

रुडकी । सहकारी गन्ना विकास समिति के चेयरमैन प्रतिनिधि सुशील राठी ने लिब्बरहेड़ी के थीथकी कवादपुर गांव में गन्ना सर्वेक्षण का निरीक्षण किया। चेयरमैन प्रतिनिधि सुशील राठी ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 के लिए गन्ना सर्वेक्षण का कार्य जारी है। प्रत्येक गन्ना पर्यवेक्षक को पंद्रह हेक्टेयर प्रतिदिन गन्ना सर्वे करने का लक्ष्य दिया है। ताकि सर्वे का कार्य समय पर पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि इस साल गन्ने का सर्वेक्षण टेबलेट के माध्यम ऑनलाइन किया जा रहा है। इसे गन्ना सर्वेक्षण पूरी पारदर्शिता के साथ हो सकेगा। गन्ना किसानों से अनुरोध किया है कि सर्वे के समय वह अपने खेतों में मौजूद रहे। बताया कि समिति क्षेत्रान्तर्गत सभी 66 गांव में गन्ना सर्वे का कार्य एक साथ चल रहा है। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गौतम नेगी, सचिव प्रभारी अनंत सिंह, गन्ना पर्यवेक्षक मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### शांतिभंग में पांच गिरफ्तार कार सीज

रुडक़ी। पुलिस ने शांतिभंग में पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने कार को सीज कर दिया है। सिविल लाइंस कोतवाली के चंद्र शेखर चौक के पास कार सवार हुड़दंड कर रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आसिफ निवासी हज्जावान थाना ज्वालापुर, शोयब, अजीम और साजिद को गिरफ्तार किया। वही पांचे शांतिभंग में आरोपी राजवीर सिंह निवासी दुर्गा कॉलोनी रुडक़ी का भी चालान किया है।

### 17 जून को रेलवे ट्रैक जाम करेगा भाकियू तोमर गुट

रुडकी । भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ने एक सभा राम इन्केलेव में उदित त्यागी के आवास पर की है। मौके पर चौधरी संजीव तोमर ने बताया कि किसानों कि समस्याओं को लेकर 17 जून को रेल रोको आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार किसानों का भुगतान दिलाने में पूर्ण रूप से असफल हुई है। बिजली के बढ़ते दाम को लेकर और डीजल, खाद हर चीज पर किसान महंगाई कि मार झेल रहा है। बिजली विभाग, थाना या फिर कचहरी हो हर जगह किसान का शोषण किया जा रहा है। हर सरकारी विभाग भ्रष्टाचार के अड्डे बने हुए हैं। उन्होंने बताया की ऐसी ही अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) किसानों कि आवाज उठाने का काम करेगा और 17 जून को रुडक़ी रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम करेगा। इस मौके पर हरिद्वार जिला अध्यक्ष विकेश बालियान, अजब मंडल, प्रवेंद्र चौधरी, तस्लीम राव सिंह, विकास कुमार, गुलजार मलिक, राशिद, उदित त्यागी, यूनुस प्रधान, दिलशाद, पवन त्यागी, अजय त्यागी, दीपक तोमर, अयूब, अरशद, इकलाख, अमीर, इमरान और शमशाद आदि मौजूद रहे।

### सडक़ दुर्घटना में एक बच्चे की मौत पति और दो बच्चे घायल

रुडकी । बाइक सवार परिवार को एक कार ने टक्कर मार दी। दुघर्टना में आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जबकि पिता और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुजफ्फरनगर थाना पुरकाजी क्षेत्र के गांव गोधना निवासी मुरसलीन पुत्र मुस्तकीम अकबरपुर गांव में अपने तीन बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में आए हुए थे।

# आपकी कार के इंजन को भी लगती है 'गर्मी' नहीं रखा ध्यान तो हो जाएंगे परेशान ?


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट जून : गर्मियां शुरु हो चुकी है और तापमान में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी होते जा रही है। ऐसे में कार के इंजन में ओवर-हीटिंग की समस्या भी होने लगती है। कई बार तो इंजन इतना गर्म हो जाता है कि हादसा होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर आपके कार का इंजन इतना ओवरहीट क्यों होता है। चलिए आपको इसके पीछे की वजह बताते हैं। सबसे मुख्य कारण कार के इंजन का गर्म होने का यही है। अगर आपके कार के रेडिएटर, वाटर पंप, होज, हेड गैसकेट या थर्मोस्टेट हाउसिंग में कोई लीक या रिसाव होता है तो इससे आपका इंजन ठीक ढंग से ठंडा नहीं हो पाएगा। आप इस लीके को खुद सील करा सकते हैं, लेकिन आप इसे मैकेनिक से दिखवा ले, ये आपके लिए काफी बेहतर होगा। कार के इंजन को ठंडा रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी कूलेंट की होती है। ये एक ऐसा ऑयल होता है जो इंजन को ठंडा रखता है। अगर आपके कार का कूलेंट लीक हो रहा है या फिर खराब क्वालिटी का होगा तो वो इंजन को ठंडा नहीं करेगा।अगर आपके कार में कोई रिसाव नहीं है और कूलेंट भी ठीक है फिर भी इंजन गर्म हो रहा है तो आपको कूलेंट की जांच करनी चहिए। कभी -कभी गंदगी या सड़क से उठने वाली धूल और गर्दा भी कूलेंट डिपार्टमेंट में पहुंच जाती है। जिसके चलते हाउसेस ब्लॉक हो जाते हैं। ऐसे में आप इसको ठीक से सफाई करें।इंजन ओवरहीटिंग का एक अन्य आम कारण के उसे भी हो सकती है। रेडिएटर खराब होने की समस्या के कारण कभी कभी रेडिएटर का फैन ठीक से काम नहीं करता है, फिर गंदगी रेडिएटर में भर जाती हैं तो वेंटिलेशन इसके कारण प्रभावित होती है। जिसके कारण कार का इंजन बहुत जल्द गर्म हो जाता है।



# मेंटल हेल्थ को सही करने के लिए पढ़िए ये बाते ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 08 जून : हमारे शरीर के सभी अंगो के साथ दिमाग का भी हेल्दी होना बहुत जरूरी है। यही कारण है कि आजकल मेंटल हेल्थ की बातें की जाती हैं पर प्रश्न यह है कि हम अपनी मेंटल हेल्थ के लिए क्या करते हैं? मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए आपका साथ अच्छा होना जरूरी है। जैसे कोरोना वायरस से बचने के लिए जरूरी है कि हम कोविड पॉजिटिव लोगों से दूर रहे। वैसे ही मेंटल हेल्थ के लिए भी जरूरी है कि आप स्वस्थ लोगों से ही जुड़ाव रखें। डॉक्टर बताते हैं कि मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए फिजिकल रूप से फिट रहना भी बहुत जरूरी है।

अच्छे से नींद लेना और रेगुलर एक्सर-साइज करने से हमारी मेंटल हेल्थ को मजबूती मिलती है। डॉक्टर ने बताया कि हमारे जीवन में हर एक चीज बहुत महत्वपूर्ण है। जैसे अच्छी डिग्री, अच्छी नौकरी और बड़ा प्रमोशन लेकिन हेल्थ भी जरूरी है। हमें समझना होगा कि सेहत के साथ भी हम अपने जीवन में मनचाहा मुकाम हासिल कर सकते हैं। और डॉक्टर ये भी बताते हैं कि जैसे हम फिजिकल हेल्थ का चेकअप कराते हैं ठीक उसी तरह मेंटल हेल्थ चेकअप भी बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि आप घर पर बैठे-बैठे भी अपना चेकअप कर सकते हैं। अगर आपको लो महसूस होता है लेकिन आप एक समय के बाद ठीक हो जाते हैं मतलब आप ठीक हैं। अगर आप आत्मविश्वासी महसूस करते हैं मतलब आप ठीक हैं। आप हर बात पर तनाव और चिंता लेते हैं तो इसका मतलब है कि आप अंदर से बहुत परेशान हैं। आप कितना अकेलापन महसूस करते हैं और आपकी बातें भी आपकी मेंटल हेल्थ दिखाती हैं।

## नपा अध्यक्ष ने नाला निर्माण का शिलान्यास किया

रुडकी । पानी की निकासी के लिए नगर पंचायत की ओर से 100 मीटर नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। नाले निर्माण से निकासी की समस्या हल होगी और साथ ही क्षेत्रवासियों को जलभराव से राहत मिलेगी। बुधवार को झबरेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी मानवेंद्र सिंह की ओर से कस्बा निवासी चौधरी प्रहलाद सिंह के मकान से पुराने नाले तक 100 मीटर नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। नाला निर्माण को लेकर चौधरी प्रहलाद सिंह ने नगर पंचायत अध्यक्ष व बोर्ड का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभासद मुकेश कश्यप, इंद्रेश मोती, डॉ. सत्येंद्र मित्तल, शाहरुख, सुलेमान, अशोक धीमान, रोशन वाल्मीकि, शुभम और गोयल आदि मौजूद रहे।

## मारपीट में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

रुडकी । निजी अस्पताल के पास दो पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सहारनपुर के उग्रहा गांव निवासी रोहिताश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार देर शाम वह किसी काम से निजी अस्पताल गया था। तभी वहां पर चार युवकों ने घेरकर मारपीट कर घायल कर दिया। महकार निवासी सिकंदरपुर, सोयाब निवासी खानपुरा जिला सहारनपुर, सोहल और मुकीम निवासी अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

## स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

रुडकी । एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार शाम सुल्तानपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक स्मैक की तस्करी करने जा रहा है। सूचना पाकर सुल्तानपुर चौकी प्रभारी मनोज नौटियाल ने कुम्हारी गांव के पास सत्संग भवन पर युवक को रोक लिया। तलाशी में चार ग्राम स्मैक बरामद की गई। चौकी प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया अशद उर्फ चुंडी पुत्र गुलजार निवासी गांव मोहम्मदपुर कुम्हारी को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

## जी 20 जन भागीदारी के कार्यक्रमों में अपना हुनर दिखा रहे छात्र

रुडक़ी। केंद्रीय विद्यालय टू में एक सप्ताह से जी- 20 शिखर सम्मेलन से संबंधित जन भागीदारी अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह गतिविधियां विद्यालय में अवकाश के चलते हुए अधिकांश ऑनलाइन माध्यम से आयोजित हो रही हैं। केंद्रीय विद्यालयों के बच्चे, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अभिभावक भी इन गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। प्राचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि इन कार्यक्रमों की अंतर्गत अब तक मूलभूत साक्षरता एवं अंक ज्ञान से संबंधित विभिन्न वीडियो के वि टू रुडक़ी के बच्चों को ऑनलाइन दिखाई गई हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं मूलभूत साक्षरता एवं अंक ज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की ओर से एक साइकिल रैली का आयोजन भी पर्यावरण दिवस पर किया गया था। वर्तमान में विद्यालय में जुड़ो का एक प्रशिक्षण कैंप भी चल रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## ग्रामीणों ने राहगीरों को बांटा मीठा शरबत

रुडक़ी। बढ़ती गर्मी से निजात दिलाने के लिए मेहवड़ कलां में ग्रामीणों ने राहगीरों को शरबत बांटा। इस दौरान देश में सुख और शांति की कामना की। मेहवड़ कलां में गंगनहर पुल पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा निगम के एसडीओ संजीव और पूनम सिंह रहे। उन्होंने कहा कि जल जीवन का सबसे बड़ा आधार है और जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। ग्रीष्म ऋतु में जल का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान दें और इसके लिए अन्य लोगों को भी जागरूक करें। इस दौरान राहगीरों को मीठा शरबत बांटा।

## फायरिंग में शामिल दो गिरफ्तार तमंचा कारतूस बरामद

रुडकी । दो माह पहले खेत में सिंचाई को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग की गई थी। जिसमें कई लोग घायल हुए थे। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव थीथकी कवादपुर में 25 अप्रैल को खेत में सिंचाई को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। एक पक्ष की ओर से फायरिंग की गई थी। इसमें कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा था। जहां से दो लोगों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। लेकिन आरोपी लगातार फरार चल रहे थे। जांच अधिकारी एसएसआई प्रमोद कुमार को सूचना मिली की फायरिंग में शामिल रहे आरोपी गांव में मौजूद हैं। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को गांव से धर दबोचा। आरोपी सनी सालार निवासी गांव थीथकी कवादपुर और रोबिन निवासी गांव खेड़ा जट्ट कोतवाली मंगलौर को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मैनवाल ने बताया कि फायरिंग में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## गंगनहर में डूब रहे युवक को बचाया

रुडकी । गंगनहर के घाट पर स्नान करते समय एक युवक पानी के तेज बहाव में बहने लगा। शोर मचाने पर लोगों ने युवक को डूबने से बचा लिया। बुधवार को गाजियाबाद निवासी अब्दुल वहीद अपने परिवार के साथ साबिर पाक की जियारत को कलियर आया था। साबिर पाक की जियारत के बाद वह परिवार के साथ दरगाह इमाम साहब की जियारत कर वापस लौटते समय गंगनहर के घाट पर चला गया। जहां परिवार के साथ आया नोमान (20) घाट पर स्नान करने लगा। स्नान करते समय वह पानी के तेज बहाव में बहने लगा। घाट पर मौजूद लोगों ने नोमान को डूबने से बचा लिया।

## रोबोट के काम को विधायक ने सराहा

रुडक़ी। शहर के सीवर सफाई के लिए रोबोट का परीक्षण किया गया। इस मौके पर विधायक, जनप्रतिनिधि और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। नगर में एडीबी की ओर से नई सीवर लाइन डाली गई थी। सीवर लाइनों के बढने से विभाग पर काम बढ़ा है। अनुरक्षण शाखा गंगा के अपर सहायक अभियंता की ओर से सीवर सफाई के लिए सिविल लाइंस में रोबोट का डेमो परीक्षण कराया। मौके पर विधायक प्रदीप बत्रा ने रोबोट के डेमो परीक्षण का सराहा। कहा कि समय की बजत होगी, डेमो परीक्षण से रोबोट की आवश्यकता और उपयोगिता का पता चल पाएगा। अपर सहायक अभियंता जुनैद गौड़ ने बताया कि रोबोट का डेमो परीक्षण कराया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद संजीव राय, संजीव तोमर, शक्ति राणा, हेमा बिष्ट, सुबोध चौधरी, अनूप राणा, नीटू, मोनू, काला, सुनील, बंटी और राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

## 23 जुलाई को सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह

रुडक़ी। सैनी जागृति मिशन रुडक़ी की ओर से 23 जुलाई को नगर के पितांबर फार्म रुडक़ी के सभागार में सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। इस बार यह समारोह उत्तराखंड केदारनाथ धाम में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए उत्तराखंड के होनहार अधिकारी अमित सैनी की स्मृति में आयोजित होगा। संगठन के सदस्य एवं लोजमो संयोजक सुभाष सैनी ने बताया कि देहरादून रोड स्थित मिशन के कार्यालय पर संगठन के अध्यक्ष पूर्व सैन्य अधिकारी सुंदर पाल सैनी की अध्यक्षता एवं युद्धवीर सिंह सैनी व पंकज सैनी के संयुक्त संचालन में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में समारोह का कार्यक्रम तय किया गया। समारोह में हरिद्वार जनपद से हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के सीबीएसई में 75 प्रतिशत और उत्तराखंड बोर्ड के 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही एमबीबीएस के सभी युवा चिकित्सकों, खेल संगीत व अन्य क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# राज्यपाल ने होटल एसोसिएशन, नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने राजभवन में होटल एसोसिएशन, नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने पदाधिकारियों के साथ नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाओं और अवस्थापना विकास से संबंधित चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की और उनके सुझाव प्राप्त किए।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और झील देश एवं विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाएं ब?ाने के लिए सामुहिक प्रयास करने होंगे। उन्होनें कहा कि समय के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाना जरूरी है, इस ओर सरकार द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से पर्यटन क्षेत्र में मॉर्डनाइजेशन व वैल्यू एडिशन किए जाने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए टनल पार्किंग, मल्टीस्टोरी पार्किंग व रोप वे आदि से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा नैनीताल में पर्यटन व्यवसाय में आ रही चुनौतियों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा मुख्य रूप से शहर की पार्किंग क्षमता ब?ाये जाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृ? किये जाने, नैनीताल स्थित रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग के रूप में विकसित किए जाने, पुराने होटलों के पुर्ननिर्माण कार्यों की स्वीकृति दिए जाने, कुमाऊं हेतु विशेष ट्रेनों के संचालन किए जाने, नैनीताल में हैलीपोर्ट बनाए जाने व हैली सेवाओं से जो?ने जैसे सुझाव व समस्याओं से अवगत कराया।

राज्यपाल ने सभी समस्याओं के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन के अलावा मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से वार्ता कर सुझावों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ सुझावों पर कार्यवाही गतिमान भी है। बैठक में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष श्री दिग्विजय सिंह बिष्ट सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।


इससे पूर्व राज्यपाल ने बोट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर नैनी झील में बोट संचालन की चुनौतियों के संबंध में चर्चा की और पदाधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए। राज्यपाल ने कहा कि नैनी झील प्रकृति का ब?ा उपहार हम सभी के लिए है। नैनीताल की झील यहां आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है। यहां पर आने वाला हर पर्यटक बोटिंग अवश्य करता है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि बोट संचालन उनके रोजगार का ब?ा साधन है। जिस पर कई परिवारों की आर्थिक स्थिति निर्भर करती है। उन्होंने नैनी झील में बने बोट स्टेंड में शेल्टर बनाए जाना का सुझाव दिया जिससे बरसात के मौसम में पर्यटकों को ख?े होने की सुविधा हो सके। इसके साथ-साथ झील की सफाई की मॉनीटरिंग करने का सुझाव भी पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। उन्होंने झील के सौंदर्यीकरण और स?क की मरम्मत की जरूरत बताई। राज्यपाल ने कहा कि इन सुझावों को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसिंह बिष्ट और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने आज विकास खण्ड हवालबाग स्थित रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आउट रीच, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उद्यमियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संस्थान के प्रबन्धक को निर्देश दिए कि हवालबाग विकासखण्ड के प्रत्येक गाँव से एक उद्यमी को इस संस्थान से अवश्य जोड़ा जाए तथा जनप्रतिनिधियों के साथ हमेशा सम्पर्क बनाया जाय जिससे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इस संस्थान के कार्यों का महत्व प्रत्येक गाँवों तक पहुँच सके। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर संस्थान के उत्पादों की ऑनलाइन सूची व उनके मूल्यों को भी देखा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थान की आधारभूत संरचना का उपयोग अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी किया जाय। इस अवसर पर रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर के प्रबन्धक योगेश भट्ट ने जिलाधिकारी को संस्थान द्वारा उद्यमियों को दी जा रही सुविधाओ और किए जा रहे क्रिया-कलापों की विस्तृत जानकारी दी।

## संपादकीय



### 'जीवंत लोकतंत्र' का इंजन

भारत और अमरीका के बीच लड़ाकू विमान के इंजन का सह-उत्पादन करने की सहमति हुई है। ऐसे इंजन न केवल भारत में बनाए जा सकेंगे, बल्कि अमरीका 100 फीसदी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण भी करेगा। दोनों देश प्रधानमंत्री मोदी के अमरीका-प्रवास के दौरान औपचारिक करार पर दस्तखत करेंगे। दुनिया में सिर्फ चार देश-अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस-ही अपने लड़ाकू विमानों के लिए इंजन का उत्पादन करने में सक्षम हैं। चीन ने रूस की ही तकनीक को पलट कर इंजन बनाने की कोशिश की है। भारत-अमरीका करार और इंजन जीई-एफ 414 का उत्पादन शुरू होने के बाद हम भी इस जमात में शामिल हो जाएंगे। यकीनन इससे भारत की वायुसेना और उसकी सामरिक शक्ति मजबूत होगी। सिर्फ इसी उदाहरण से समझा जा सकता है कि भारत और अमरीका कितने रणनीतिक साझेदार हैं और सैन्य स्तर पर भी आपसी सहयोग से शक्ति का विस्तार किया जा सकता है। इस करार से यह भी समझ लेना चाहिए कि अमरीका ने भारत के प्रधानमंत्री को आमंत्रण क्यों दिया है? और राजकीय रात्रि-भोज का आयोजन भी क्यों किया जा रहा है? बेशक अमरीकी जमीन से ऐसे आरोप भी लगते रहे हैं कि भारत में अल्पसंख्यक, खासकर मुसलमान, खतरे या संकट में हैं। उनके मानवाधिकार पर प्रहार किए जाते रहे हैं। इसी आशय का सवाल 'व्हाइट हाउस' की प्रेस कॉन्फ्रेंस में, एक मुस्लिम महिला पत्रकार ने, पूछा था, तो अमरीकी प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में समन्वयक जॉन किर्बी ने बेहद सटीक जवाब दिया-'भारत में जीवंत लोकतंत्र है। आप दिल्ली जाइए और खुद ही देख-महसूस कर लीजिए।' उन्होंने स्पष्ट टिप्पणी की कि भारत अमरीका का सबसे भरोसेमंद, रणनीतिक साझेदार है। वह 'क्वाड' में भी अमरीका का साथी है। यह संगठन हिन्द-प्रशांत महासागर क्षेत्र की रणनीति और सक्रियता पर निगाह रखता है, ताकि चीन की दादागीरी पर अंकुश रखा जा सके। लड़ाकू विमान के इंजन-उत्पादन का करार भी इसीलिए हो रहा है, क्योंकि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है। 'तेजस' भारत का स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान है, लेकिन उसका स्वदेशी इंजन तकनीकी जरूरतों पर उतना सफल नहीं रहा है, जितनी अपेक्षा की जाती रही है। 'तेजस मार्क-1' लड़ाकू विमानों में अमरीकी इंजन ही इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन भारत फिलहाल इसे खरीद रहा है। प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण अभी नहीं हो पा रहा है। करार और उत्पादन शुरू होने के बाद 'तेजस' के लिए ये इंजन सस्ते पड़ेंगे और तुरंत उपलब्ध होंगे।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू

हरिद्वार। हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत के प्रस्ताव पर उरेडा विभाग ने गांव में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइटों को लगाने का काम शुरू कर दिया है। धनपुरा में विधयाक ने इसकी शुरुआत की। इस मौके पर विधायक ने घिस्सुपुरा, मिस्सरपुर, फेरुपुर, रानीमाजरा, शाहपुर, बादशाहपुर, पदार्था सहित अन्य गांव में लाइटों को लगाने की बात कही। इस दौरान पूर्व ग्राम सलीम अहमद, इरशाद, जुल्फकार, तबरेज आलम, सहिद, सुलेमान, निसार, दीपक, सुनील आदि उपस्थित रहे।

## झूठी सूचना देना पड़ा भारी, 10 हजार का हुआ चालान

पिथौरागढ़। नगर में शराब के नशे में पुलिस को झूठी सूचना देना एक व्यक्ति को भारी पड़ा है। पुलिस के मुताबिक 112 हेल्पलाइन से सूचना मिली कि खंपा कॉलोनी में एक व्यक्ति गंभीर अवस्था में गिरा पड़ा है। एसआई बसंत पंत के नेतृत्व में पहुंची पुलिस को मौके पर ऐसा कुछ भी नहीं मिला। जांच करने पर सामने आया कि राजेंद्र सिंह खिमाल नामक एक व्यक्ति ने शराब के नशे में पुलिस को झूठी सूचना दी। पुलिस ने संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दस हजार का चालान

## पंडित दीनदयाल पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान

पिथौरागढ़। नगर के पंडित दीनदयाल पार्क में नव्यदीप चाइल्ड एंड वोमेन वेलफेयर सोसायटी ने स्वच्छता अभियान चलाया। बुधवार को दीप्ती बिष्ट के नेतृत्व में सोसायटी के सदस्य टकाना स्थित पार्क पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पार्क की सफाई की और परिसर में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। यहां दीपा पांडे, द्रौपदी पोखरिया, पूजा दानू, दिनेश टम्टा, रेखा, विजय, उज्जवल बिष्ट, अनुज रावत, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रेप पीड़िता के अवैध गर्भपात पर अस्पताल संचालक और डॉक्टर के केस

हरिद्वार। दुष्कर्म पीड़िता का अवैध रूप से गर्भपात करने पर बहादराबाद स्थित अस्पताल के संचालक और डॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। अभी दोनों नाम अज्ञात में है, पुलिस की जांच में दोनों नामों को खोला जाएगा। गर्भपात करते समय ही पीड़िता की तबीयत बिगड़ी थी, उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था। मुकदमे की जांच विवेचना सब इंस्पेक्टर विजय प्रकाश को दी गई है। पांच जून की रात धनोरी रोड बहादराबाद स्थित भारत हॉस्पिटल में युवक एक नाबालिक को लेकर अस्पताल पहुंचा था। यहां पर उसका गर्भपात कराया जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंच गए और जमकर हंगामा किया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बामुश्किल मामले को शांत कराया था। नाबालिग की तबीयत बिगडने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था। जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना प्रभारी अनिल चौहान ने बताया कि नाबालिग के भाई की शिकायत पर अवैध रूप से नाबालिक का गर्भपात कराने के आरोप में हॉस्पिटल संचालक और डॉक्टर के खिलाफ अज्ञात में (धारा 313 और 120 बी) में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### परिचित बुजुर्ग महिला पर कंबल डालकर कुंडल लूटने में दो गिरफ्तार

हरिद्वार। ज्वालापुर में दो युवकों ने अपनी एक परिचित बुजुर्ग महिला पर कंबल डालकर कुंडल लूट लिए। पुलिस ने छानबीन करते हुए चंद घंटों में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मध्य प्रदेश निवासी सोमवती बाई पत्नी राम सिंह मंडी का कुआं कोतवाली ज्वालापुर में रहती हैं। महिला का आरोप था कि दो अज्ञात युवकों ने मुक्कों से वार किया और कान से कुंडल लूट कर भाग गए। ज्वालापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपी हर्ष निवासी फकीरों वाली गली मंडी का कुआं मोहल्ला मैदानियान ज्वालापुर और आशुतोष निवासी मोहल्ला मालियान गांधी मार्केट ज्वालापुर को गिरफ्तार किया। आरोपियों से लूटा गया कुंडल बरामद कर लिया है। इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपियों ने कंबल डालकर घटना को अंजाम दिया था, ताकि महिला उनको पहचान न ले। आरोपियों ने नशे की लत के लिए घटना की थी। पुलिस टीम में एसएसआई संतोष सेमवाल, बाजार चौकी प्रभारी विकास रावत, कांस्टेबल हेमंत पुरोहित, बृजमोहन अमित गौड़ और नरेंद्र राणा शामिल रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस ने नाबालिग लडक़ी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उधर पीड़ित का ऋषिकेश एम्स अस्पताल में उपचार चल रहा है। आरोपी दो साल से पीड़िता से दुष्कर्म कर रहा था। क्षेत्र की एक बस्ती के रहने वाले युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली उसकी मौसेरी बहन उसके परिवार के साथ रहती है। आरोप है कि दो वर्ष पूर्व उसकी बहन की मुलाकात समीर निवासी कनखल से हुई थी। आरोप है कि समीर उसकी बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया, जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। कई माह की गर्भवती होने के बाद इस मामले से पर्दा उठा। इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा ने बताया कि बुधवार को आरोपी समीर उर्फ शब्बील निवासी मोहल्ला किला देवबंद, सहारनपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी कनखल को रेलवे फाटक ज्वालापुर से गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता का एम्स अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

### व्यापारी बोले-पॉड टैक्सी रूट से शहर की पौराणिकता होगी समाप्त

हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पॉड टैक्सी का रूट बदलने की मांग की है। व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के अनुसार, पॉड टैक्सी के रूट से शहर की पौराणिकता समाप्त हो जाएगी। इसलिए पॉड टैक्सी का रूट शहर के बाहरी क्षेत्र में बनाया जाए। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने हरिद्वार के जनप्रतिनिधियों से भी जनहित में पॉड टैक्सी के रूट को बदलने का मुद्दा उठाने की मांग की है। बुधवार को महानगर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब पहुंचकर पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि वर्तमान रूट पर बनी डीपीआर पर पॉड कार चलाना किसी भी रूप में सही नहीं है। आरोप लगाते हुए कहा कि कुंभ पेशवाई मार्ग, धार्मिक शोभा यात्रा मार्ग, भूमिगत कार्यों की अनदेखी और व्यापारियों के व्यापार को ध्यान में न रखते हुए बनाई गई डीपीआर सिर्फ मोटा बजट ठिकाने लगाने के उद्देश्य से बनाई गई है। किसी भी विभाग से एनओसी नहीं ली गई है। अखाड़ों और जनता से संवाद नहीं किया गया है। व्यापारियों की मांग है कि कुंभ पेशवाई मार्ग दूधाधारी से ज्वालापुर तक का पॉड टैक्सी रूट बदलना चाहिए। महानगर अध्यक्ष जितेंद चौरसिया और जिला उपाध्यक्ष पंकज माटा ने कहा कि गंगा सभा, व्यापार मंडलों की आपत्ति के बाद अब इस योजना पर अखाड़ों की अनुमति लेने की मांग उठी है। रूट बदलने के लिए व्यापार मंडल आंदोलन करेगा। वार्ता के दौरान महामंत्री नाथीराम सैनी, जिला उपाध्यक्ष तरुण यादव, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष सुनील मनोचा, हर्ष वर्मा, सोनू चौधरी, गौरव गौतम,एसएन तिवारी, भूदेव शर्मा, गणेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भंडारे का खाना खाने से तीन बच्चों समेत 10 बीमार

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ जनपद के बनेला गांव में रात्रि जागरण का भंडारा खाने के बाद तीन बच्चों समेत दस ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई। भंडारे में पूड़ी और आलू-गोभी की सब्जी खाने के बाद मंगलवार सुबह ग्रामीणों को उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हो गई। खाना खाने के बाद तबीयत अत्यधिक बिगडने पर 10 ग्रामीणों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हैरानी की बात थी कि फूड प्वाइजनिंग के शिकार रोगियों को अस्पताल पहुंचाना ग्रामीणों के लिए चुनौती साबित हुआ। गांव में सडक़ न होने के कारण कोई रोगी सात किमी पैदल चलकर मुख्य सडक़ तक पहुंचे थे। जबकि, कुछ बीमार लोगों को ग्रामीणों ने डोली से लेकर सडक़ तक पहुंचे। तब कहीं जाकर उन्हें स्वास्थ्य सुविधा मिली। सडक़ नहीं होने से ग्रामीणों ने काफी आक्रोश है। वह पिछले कई सालों से सडक़ की मांग कर रहे हैं। अधिवक्ता श्याम सिंह भंडारी ने बताया कि सडक़ के अभाव में गंभीर रोगियों को ग्रामीणों ने डोली से मुख्य सडक़ तक पहुंचाया। करीब दो घंटे लगातार खड़ी चढ़ाई में चलने के बाद वह मुख्य सडक़ चौरपाल पहुंचे। यहां से रोगियों को वाहन के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। तब चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया। उन्होंने कहा कि सडक़ की मांग को लेकर ग्रामीण बीते 15 सालों से आंदोलन कर रहे हैं। बावजूद इसके शासन-प्रशासन गांव को सडक़ से नहीं जोड़ सका। इसका खामियाजा आए दिन ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

# वन विभाग ने मिशन लाइफ में 19000 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन कर बनाया रिकॉर्ड

## प्रमुख वन संरक्षक(हॉफ)अनूप मलिक की शानदार लीडरशिप का जानदार प्रदर्शन

**मो० सलीम सैफ़ी की विशेष रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

- 60000 ली0 क्षमता के रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक का हुआ उद्घाटन
- मानव वन्यजीव संघर्ष की सूचना देने के लिए कॉल सेंटर स्थापित

देहरादून , 8 जून , विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी देहरादून में वन विभाग द्वारा विभिन्न स्थलों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वन मुख्यालय में वन मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा वन विभाग के 200 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गयी। वन मुख्यालय कार्यालय व आवासीय परिसर में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु निर्मित कम्पोस्ट पिट व गीला सूखा कचरा अलग अलग एकत्र.करने हेतु की गयी व्यवस्थाओं का लोकार्पण किया गया। इसके बाद मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा वन मुख्यालय परिसर में वर्षा जल संग्रहण हेतु निर्मित 60000 ली0 क्षमता के रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक का उद्घाटन किया। जिसमें वन मुख्यालय के मुख्य भवन से संरक्षित वर्षा जल का उपयोग मुख्यालय परिसर के लॉन व क्यारियों की सिंचाई हेतु किया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की सूचना देने हेतु स्थापित कॉल सेंटर का भी उद्घाटन किया। यह कॉल सेंटर तुरंत कार्यवाही हेतु संबंधित प्रभाग को सूचित कर अलर्ट कर देगा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जरूरतमंद लोगों के सहायतार्थ उन्हें धारण करने योग्य वस्त्रों को उपलब्ध करने हेतु वन मुख्यालय में क्लॉथ बैंक की स्थापना की गयी है। वन मंत्री द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की थीम के अन्तर्गत मुख्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु कर्मचारियों को जूट बैग, पानी की बोतल तथा औषधीय पौधों का भी वितरण किया ।

इसके उपरान्त राजपुर रोड़ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देहरादून के 14 स्कूलों के 450 से अधिक स्कूली बच्चों, षिक्षकों, वन विभाग केअधिकारियों/कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया । स्कूली बच्चों के उत्साहवर्धन एवं उन्हें पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने हेतु मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा उन्हें जूट बैग, पानी की बोतल तथा औशधीय पौध आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त व्यक्तियों को मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा देश के भविष्य स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण की अपील की गयी।

सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः त्यागने तथा अपने जीवन में इको फ्रेंडली आदतों को अपनाने हेतु कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से अपील की।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए वन विभाग द्वारा वितरित किये गये औषधीय पौधों में जिस बैग का प्रयोग किया गया है वे बायोडिग्रेडेबल मटेरियल से निर्मित किये गये हैं। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में मीडिया को सम्बोधित करते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने मिशन लाइफ के अंतर्गत विभाग द्वारा आयोजित किये गए कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण दिया गया आपको बता दें कि विगत एक माह में मिशन लाइफ के अंतर्गत वन विभाग उत्तराखंड द्वारा रिकॉर्ड 19000 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न वन प्रभागों द्वारा प्रदेश भर में किया गया है। इन विशेष कार्यक्रमों में प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ ) अनूप मलिक, प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) डॉ समीर सिन्हा, अध्यक्ष जैव विविधता बोर्ड धनंजय मोहन, अपर प्रमुख वन संरक्षक , पर्यावरण, डॉ कपिल जोशी, मुख्य वन संरक्षक , नरेश कुमार, वन संरक्षक शिवालिक वृत्त, राजीव धीमान, प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून, नीतीश मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे।











